

### एक नजर में

#### जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर वापसी की मांग को लेकर प्रदर्शन

**बैतूल।** कांग्रेस पार्टी ने वरिष्ठ नेता जीतू पटवारी पर दर्ज एफआईआर के खिलाफ बैतूल में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। आदिवासी कांग्रेस के नेतृत्व में आयोजित जीवन सत्याग्रह रैली में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष रामू टेकाम के नेतृत्व में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा और एफआईआर को निरस्त करने की मांग की। रैली में शामिल कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर सत्ता का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। रामू टेकाम ने कहा कि भाजपा कांग्रेस नेताओं पर झूठे मामले दर्ज कर रही है, ताकि विपक्ष की आवाज को दबाया जा सके। जीतू पटवारी एक ईमानदार नेता हैं, जो दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और युवाओं के हक के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ज्ञापन में पटवारी पर दर्ज एफआईआर को तुरंत निरस्त करने, खातेगांव की घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

#### खुशबू को मिली पीएचडी

**बैतूल।** खुशबू बाथरी ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्होंने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.सुनील कुमार स्नेही के मार्गदर्शन में अपना शोध कार्य पूरा किया। उनके शोध कार्य का विषय 'मॉलिक्युलर कैरेक्टराइजेशन एंड जेनेटिक डायवर्सिटी ऑफ प्लांट वायरसेस, इन्फेक्टिंग सोयाबीन एंड डेवलपमेंट ऑफ देयर मैनेजमेंट स्ट्रेटजी' है। यह शोध न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि कृषि और पर्यावरण क्षेत्रों में भी इसकी अत्यधिक उपयोगिता है। खुशबू बाथरी, प्रीतम बाथरी और कल्पना बाथरी की पुत्री है, तथा जिला बैतूल, खंजनपुर की निवासी है। उन्होंने अपनी प्रारंभिक तथा उच्च शिक्षा, बैतूल के सरकारी स्कूल तथा सरकारी कॉलेज से की है। बाथरी समाज में खुशबू की इस उपलब्धि पर इष्ट मित्रों और परिजनों ने बधाई दी है।

#### मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला अध्यक्ष बनीं लता

**बैतूल।** मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला इकाई अध्यक्ष के पद पर श्रीमती लता अजय वर्मा को नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राजश्री वर्मा द्वारा मप्र कुर्मी क्षत्रिय समाज महिला इकाई की नवनियुक्त अध्यक्ष को नियुक्ति पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्रीमती लता वर्मा ने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यकाल की शुरुआत पौधरोपण से करना चाहेंगी, जिसमें फूलदार, फलदार और छायादार पौधे लगाए जाएंगे। यह पहल पर्यावरण के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक होगी। इस अवसर पर नगर परिषद बैतूल बाजार की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गावती संजय वर्मा, डॉ प्रियंका, डॉ विशाल वर्मा ने बधाई दी है।

#### कागज के टुकड़ों से बनाई बच्चों ने कलाकृति

**बैतूल।** खेल खेल में सीखने और अनुपयोगी सामग्री से कलाकृतियों के निर्माण से बच्चों में रचनात्मकता में वृद्धि होती है। ऐसे ही आरडी पब्लिक स्कूल की मोक्षिता राने, असमी धाड़से, रोली उईके व सहेलियों ने मिलकर युवा चित्रकार व कला गुरु श्रेणिक जैन के मार्गदर्शन व शिक्षा का उमा सोनी के निर्देशन में 7 हजार से ज्यादा रंग-बिरंगे कागज के टुकड़ों से एक कोलाज पेंटिंग बनाई है। इस संबंध में श्रेणिक जैन ने बताया कि इस पेंटिंग को बनाने में एक हफ्ते से अधिक का समय लगा है।

# अघोषित बस स्टाफ : जहां हाथ दो, वहीं रुक जाती है बस

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 30 जून. शहर में जगह-जगह बस खड़ी करके सवारी ली जा रही। इससे अन्य वाहन चालक परेशान है। सडक पर बस खड़ा रहने से सड़कों की चौड़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ जाती है।**

**यातायात नियमों का हो रहा उल्लंघन**

**विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही**



दरअसल शहर के बस स्टैंड से निकलने के बाद बस चालक लगभग एक दर्जन से अधिक स्थानों पर बस रोकते है। कहीं-कहीं तो चली बस में सवारी को बैठाया जाता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। विगत दिनों इस समस्या को लेकर बैठक में निर्देश दिये थे, कि बस चालक बस स्टैंड से निकलने के बाद सडक पर बस नहीं रोकेगे, लेकिन बैठक में हुए इस निर्णय का पालन नहीं हो रहा है। बता दे कि शहर से रोजाना दो सैकड़ा बसे विभिन्न रूटो पर चलती है। इन बसों में अपने गतंव्य तक पहुंचने के लिए हजारों यात्री सफर करते है। यात्रियों के लिए बस सुविधा के लिए शहर में बस स्टैंड भी बना है, जहां बसे रूकती है, लेकिन अधिकांश यात्री बस स्टैंड नहीं पहुंचे। इसके पीछे बस चालकों की लापरवाही भी है। अधिक यात्रियों को बैठाने और मुनाफे के चक्कर में चालक कहीं भी बस रोक देते है। इससे यात्री बस स्टैंड के बजाए रास्ते में ही उतरना-चढ़ना करते है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बनी रहती है।

**इन रूटों पर प्रतिदिन रवाना होती है बसें :** जिला मुख्यालय से जिले के विभिन्न तहसीलों के अलावा बड़े शहरों के लिए बसे रवाना होती है। रोजाना दो सैकड़ा से अधिक बसे इन रूटो पर सवारी लेकर चलती है।

#### सीमित समय तक ही कार्रवाही, इसलिए लापरवाही

जगह-जगह बस रोककर सवारी बैठाने के मामले में ट्रॉफिक पुलिस द्वारा जरूर कार्रवाही की जाती है, लेकिन यह कार्रवाही सीमित समय तक चलती है। इसके बाद जगह-जगह बसों को रोककर सवारी भरने पर टोकने वाला कोई नहीं होता है, यहीं वजह है कि बस चालकों ने मनमुताबिक बस स्टॉप बनाकर बसे खड़ी करना शुरू कर देते है। जगह-जगह बसे रूकने से यात्री भी बस स्टैंड पहुंचने के बजाए रास्ते से ही बस में बैठते है। जागरूक नागरिकों का कहना है कि चालक स्टैंड से बाहर निकालकर बस को रोड किनारे खड़ा कर देते है। इस वजह से कई बार हादसे हो चुके है। सडक पर बस खड़ी करना या चलती बसो में सवारी बैठाने से लोगों की जान तक जा सकती है। फिर भी विभाग कार्रवाही करने से परहेज कर रहा है।

हमारे द्वारा समय-समय पर बस संचालकों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं कि नियमानुसार ही जहां बस स्टाफ है, वहीं बस रोककर सवारी उतारें-चढ़ाएं। बस चालकों द्वारा नियमों की अवहेलना करने पर चालानी कार्रवाई की जाती है और आगे भी कार्रवाई करेंगे। हां यह जरूर है कि स्टाफ की कमी के चलते कईयो बार नियमों का पूर्णता पालन नहीं हो पाता।

**सुबेदार गजेन्द्र केन,** यातायात प्रभारी, बैतूल

#### एक दर्जन से अधिक बना लिये अवैध बस स्टॉप

शहर में बस चालकों ने एक दर्जन से अधिक बस स्टॉप बना लिया है। जहां प्रतिदिन बसे रूकती है और इसी वजह से सडक पर जाम लगने और दुर्घटनाओं की संभावनाएं बढ़ गई है। बस स्टैंड से बस निकलने के बाद शहर के चौपाटी चौराहा, कॉलेज चौक रोड, गंज रोड सहित रास्ते में जहां भी सवारी मिल जाये, बस चालक बस रोककर सवारी भर रहे है, जहां से यात्री सफर शुरू करते है। जबकि नियमानुसार बस स्टैंड से बस छूटने के बाद रास्ते में नहीं रोका जाना चाहिए। किन्तु बस चालक सवारी बैठाने के लिए जगह-जगह बस रोककर सवारी लेते है। सबसे ज्यादा परेशानी मुल्ला पेट्रोल पंप और सरकारी अस्पताल, कारगिल चौक पर होती है, जहां बसों के रूकने से ट्रॉफिक जाम हो जाता है।

## चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** चाकूबाजी कर दहशत फैलाने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। फरियादी धनंजय पिता जगदीश यादव निवासी दुर्गा वार्ड, गंज बैतूल ने 28 जून को थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 27 जून की रात्रि लगभग 11 बजे मोहल्ले के ही दीपक, रितिक एवं एक अपचारी बालक उसके घर के बाहर आए और पत्थरबाजी व गाली-गलौच करने लगे। फरियादी की माता के बाहर आने पर सभी आरोपी मौके से भाग गए। अगले दिन सुबह लगभग 9.30 बजे जब फरियादी अपने मित्र विनायक एवं रोबिन के साथ हनुमान मंदिर दर्शन के लिए



गये थे, तो वहीं पास में स्थित रोहित के मकान पर आरोपी रितिक, ददुदु, शाहिल एवं एक अन्य अपचारी बालक बैठे मिले। फरियादी द्वारा पत्थरबाजी की घटना को लेकर पूछताछ करने पर चारों ने फिर से गाली-गलौच शुरू कर दी और रितिक ने जेब से चाकू निकालकर फरियादी पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे फरियादी को सिर, पीठ, कमर एवं जांघ पर गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने आए विनायक के साथ भी ददुदु एवं अपचारी बालक द्वारा मारपीट की गई। रिपोर्ट पर थाना गंज में धारा 296(बी), 115(2), 351(2), 3(5), 109(ए) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रितिक पिता अजाबराव बड़बुड़े, निवासी खंजनपुर, दीपक पिता ढोकू धुर्वे, निवासी दुर्गा मंदिर के पास, खंजनपुर और एक अपचारी बालक के विरुद्ध विधिसम्मत वैधानिक कार्रवाई की गई है। एक अन्य आरोपियो की गिरफ्तारी के सतत प्रयास किए जा रहे हैं। शीघ्र ही उन्हें भी हिरासत में लिया जाएगा। इस कार्रवाही में निरीक्षक सरविंद धुर्वे, उप निरीक्षक इरफान कुरैशी सहित अन्य पुलिस की सराहनीय भूमिका रही।

## वायर चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** चिचोली में कंस्ट्रक्शन साइट से वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से 1.35 लाख रुपए के 15 बंडल वायर और 90 हजार रुपए की काली स्कूटी बरामद की गई। कुल बरामदगी 2.25 लाख रुपये की है। फरियादी कृष्णमोहन मिश्रा ने बताया कि चिचोली में उत्कृष्ट छात्रावास का निर्माण कार्य चल रहा था। साइट पर निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि पवन विश्वकर्मा और नितिन विश्वकर्मा काली स्कूटी पर वायर के बंडल ले जा रहे थे। रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वे भाग निकले। जांच



में पता चला कि कमरे का ताला टूटा था और करीब 30 बंडल वायर चोरी हो गए थे, जिनकी कीमत 1.40 लाख रुपए थी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की। 33 वर्षीय पवन उर्फ प्रवीण विश्वकर्मा और 36 वर्षीय नितिन विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पूछताछ में न केवल इस चोरी को स्वीकार किया, बल्कि बैतूल और आसपास के क्षेत्रों में की गई अन्य चोरियों को भी कबूला।

## हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से किशोर की मौत

**बैतूल।** शहर के अर्जुन नगर क्षेत्र में सोमवार सुबह 16 वर्षीय बालक की 11 केवी हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ओम खांडवे के रूप में हुई है, जो एक निजी स्कूल में 12वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, ओम सुबह अपने घर की छत पर गया था। छत से करीब 5-6 फीट ऊपर से गुजर रही 11 केवी लाइन से वह संपर्क में आ गया और करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे तुरंत जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिजनों और मोहल्ले में गम और गुस्से का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली विभाग ने अगर समय रहते लाइन को ऊंचाई पर शिफ्ट किया होता, तो यह हादसा नहीं होता। उनका कहना है कि छत से इतनी नजदीक से हाई वोल्टेज लाइन गुजरना पूरे मोहल्ले के लिए खतरा बना हुआ है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## जन्म लेते ही देवी स्वरूप बेटियों को भेंट किए लॉकेट

**बैतूल।** जहां आज भी कई परिवारों में बेटी के जन्म पर मायूसी छा जाती है, वहीं मां शारदा सहायता समिति ने सेवा और सम्मान की एक ऐसी मिसाल पेश की, जिसने समाज को सोचने पर मजबूर कर दिया। बेटियों के जन्म को ईश्वरीय उपहार मानते हुए संस्था ने उन्हें देवी स्वरूप मानकर चांदी के लॉकेट भेंट किए और माताओं का सम्मान किया गया। मां शारदा सहायता समिति ने सोमवार 30 जून को संस्था की नन्ही चेतना योजना और रक्तवीर प्रकाश बंजारे के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए गत तीन दिनों में जन्म लेने वाली 24 बेटियों को मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां लक्ष्मी के प्रतिमा स्वरूप चांदी के



लॉकेट भेंट किए गए। इस आयोजन में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर भावना कवड़कर, डॉक्टर रूपल श्रीवास्तव, समाजसेवी संजय शुक्ला, पिंकी भाटिया, करण प्रजापति, शैलेंद्र बिहारिया, हिमांशु सोनी, निमिष मालवीय, डॉक्टर सागर बिंझाड़े, पंजाबराव गायकवाड़, श्रीमती हेमसिंग चौहान, प्रकाश मकोड़े, युवराज सिंह गौड़ और प्रवीण परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जब माताओं को सम्मानित किया गया तो कई की आंखों से आंसू छलक पड़े। उन्होंने कहा कि बेटी के जन्म पर ऐसा मान-सम्मान मिलना एक नई सामाजिक सोच की शुरुआत है।

## 8 करोड़ 87 लाख की सड़क परियोजना का किया भूमिपूजन

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान का राज्य स्तरीय समापन खंडवा जिले में हुआ। इस अभियान के समापन अवसर पर बैतूल जिले के आमला विकासखंड स्थित ग्राम अन्नधारिया में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके, विधायक बैतूल हेमंत खंडेलवाल, विधायक आमला डॉ. योगेश पंडाग्रे, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, सुधाकर पंवार, ग्राम सरपंच श्रीमती मीनावती गडेकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथियों ने आमला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नाहिया से अंधारिया होते हुए नांदपुर तक 8 करोड़ 87 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क परियोजना का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया।

## पार्षद बोलीं- वार्ड में काम नहीं हुए तो जहर खा लूंगी

**मुलताई। नगर के ताप्ती वार्ड मे सड़क, नाली के काम नहीं होने से परेशान वार्ड पार्षद निर्मला उबनारे ने ताप्ती मैया कि कसम खाते हुए जहर खाने एवं ताप्ती सरोवर में कूदने कि चेतावनी दी है।**

गौरतलब है कि ताप्ती वार्ड में सीमेंट सड़क नहीं होने से वार्डवासियों को कीचड़ में से आना जाना पड़ रहा है। सीवर लाइन के ठेकेदार द्वारा सीमेंट सड़क खोद देने से सडके खराब हो गई है। वार्ड में पानी निकासी नहीं होने से खाली प्लाट में पानी जमा होता है। ताप्ती वार्ड पार्षद निर्मला उबनारे द्वारा नगर पालिका में कई बार आवेदन ज्ञापन देकर सड़क, नाली निर्माण की मांग की गई। लेकिन काम नहीं होने से नाराज पार्षद सोमवार को सीएमओ वीरेंद्र तिवारी एवं उपयंत्री महेश त्रिवेदी को अपने वार्ड में लेकर पहुंची और उन्हें वार्ड की सड़को एवं नाली, नाला निर्माण करने की बात रखी। इस दौरान पार्षद श्रीमती उबनारे ने सीएमओ वीरेंद्र तिवारी से कहा यदि उनके वार्ड में नाली का निर्माण छोड़ो, सड़को का निर्माण नहीं किया तो ताप्ती मैया की कसम, मैं जहर खा लुंगी या ताप्ती मै कूद जाऊगी और उपयंत्री की और इशारा कर कहा की इन्हें फंसा दूंगी। कांग्रेस पार्षद निर्मला उबनारे ने ताप्ती वार्ड में काम नहीं होने पर भाजपा परिषद पर कांग्रेस पार्षदों के वार्ड में काम नहीं कर भेदभाव करने के आरोप लगाए थे। इस संबंध में सीएमओ वीरेंद्र तिवारी से चर्चा की तो उन्होंने कहा कि वार्ड में विभागीय तौर पर सड़क बनाने के लिए फंड नहीं है, वहीं दूसरे वार्ड में स्वीकृत कि गई सड़क को ट्रांसफर कर ताप्ती वार्ड में बनाने के लिए समय लगेंगा। जबकि नगरपालिका अध्यक्ष ने इस संबंध में अपने वर्जन देने से इंकार कर दिया, उनका कहना था ताप्ती वार्ड पार्षद द्वारा अधिकारियों पर आरोप लगाए जा रहे है वे जवाब देंगे।

## पूर्णा नदी घाट का हुआ कायाकल्प, निखर रहा स्वरूप

**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त प्रयासों से भैंसदेही की पूर्णा नदी पर घाट निर्माण होने से घाट का स्वरूप निखर कर उभर रहा है। मप्र जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि पूर्व में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पूर्णा नदी पर साफ सफाई की गई थी। इस महत्वपूर्ण आयोजन में जन अभियान परिषद के अंतर्गत चयनित पांच नवांकुर संस्थाएं, अन्य सामाजिक संगठन, नगर पालिका अध्यक्ष मनीष सोलंकी, केसर लोखंडे, मध्य प्रदेश जन



अभियान परिषद बैतूल विकासखंड समन्वयक विकास कुमरे, एवं एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं ने मिलकर पूर्णा घाट की सफाई का कार्य किया। इस दौरान मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पानी चौपाल के तहत जल संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाई गई, जिससे लोगों में नदी और उसके आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने की भावना जागृत हुई। इसके परिणामस्वरूप ग्राम पंचायत पोहर के ग्रामीण विकास विभाग ने इस घाट पर शासकीय योजना के तहत दोनों तरफ कंक्रीट और सीमेंट से घाट का निर्माण कराया, जिससे घाट का स्वरूप निखर कर उभरा है। यह विकास कार्य ग्रामीण क्षेत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे न केवल स्वच्छता बनी रहेगी, बल्कि बरसात के मौसम में जमा पानी का उपयोग किसानों द्वारा सिंचाई के लिए किया जाएगा।

ज्ञात हो कि पूर्णा घाट पर हर वर्ष मेला लगता है, जिसके कारण पहले आसपास की भूमि में गंदगी का भारी प्रकोप होता था। जन अभियान परिषद के प्रयासों से अब मेले का आयोजन स्वच्छ वातावरण में किया जाएगा।

**बैठक** | समय सीमा की बैठक आयोजित

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया जाए : कलेक्टर

**बैतूल। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा की बैठक में विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रम और समसामयिक मुद्दों की विस्तार से समीक्षा की।**

उन्होंने सभी जिला अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपनी विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं और शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और सभी बीएमओ को बाल मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर और एनीमिया के वास्तविक डाटा को अद्यतन करने और इनमें कमी लाने



के लिए व्यवस्थित कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। सभी नायब तहसीलदार और पटवारियों को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र में सभी उद्यानिकी फसलों की आगामी 2 दिनों में गिरदावरी पूर्ण कराएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को शत प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शाला त्यागी बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें प्रवेश दिलाएं। इसी प्रकार शिक्षा और जनजाति कार्य विभाग द्वारा छात्रवृत्ति के प्रकरणों का भी शत प्रतिशत निराकरण किया जाए। कोई भी विद्यार्थी छात्रवृत्ति के लाभ से वंचित न रहें। उन्होंने सभी विभागों को पदोन्नति नीति के तहत डीपीसी की बैठक कर कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिए जाने के भी निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आरसीएमएस में दर्ज राजस्व प्रकरणों के निराकरण में जिला प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल हैं। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को इसी प्रकार प्रगति बनाएं रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भू अर्जन के प्रकरण और वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का भी शीघ्रता से निराकरण कराएं। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को वसूली में भी प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सभी विभागों को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौध रोपण किए जाने के निर्देश दिए। पौधरोपण उपरांत अंकुर एप पर फोटो भी अनिवार्य रूप से अपलोड की जाएं।

#### भीमपुर ब्लाक की ग्रेवल सड़कों की जांच के निर्देश

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भीमपुर ब्लॉक में निर्मित ग्रेवल सड़क की शिकायत की जांच करने के निर्देश एसडीएम भैंसदेही को दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण भी दर्ज कराएं। उन्होंने हिट एंड रन के लंबित प्रकरणों की भी विस्तार से समीक्षा कर राजस्व अधिकारियों की प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण किए जाने के निर्देश दिए।

## जिले 1530 बूथों पर सुनी गई मन की बात

**बैतूल। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रतिमाह अंतिम रविवार को होने वाले मन की बात कार्यक्रम के 123 वें संस्करण के अंतर्गत जिले के 30 संगठनात्मक मंडलो के 1530 बूथो पर जिला पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओ ने मन की बात कार्यक्रम सुना।**

इसी कडी में भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार एवं मुलताई विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने मुलताई नगर के राजीव गांधी वार्ड के बूथ क्रमांक 122 पर मन की बात कार्यक्रम सुना । वही बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल व मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कोठीबाजार मंडल के बूथ क्रमांक 92 पर मून्ना सिंह रघुवंशी के



निवास पर मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया। इसी तहर आमला विधायक डा.योगेश पंडाग्रे ने चंद्रशेखर वार्ड स्थित निवास पर मन की बात कार्यक्रम सुना। भैसदेही विधायक महेन्द्रसिंह चौहान ने संजीवनी हास्पिटल में अपने ईलाज के दौरान मोबाईल पर मन की बात सूनी। घोडाडोगरी विधायक गंगा उइके ने रेडियों के माध्यम से मन की बात कार्यक्रम को सुना। कार्यक्रम के जिला प्रभारी नरेन्द्र गढेकर ने बताया कि मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम देश से संवाद की तरह है। इस कार्यक्रम में आपातकाल के साथ साथ खेल और पर्यावरण को लेकर सामुहिक सामाजिक शक्ति का आह्वान श्री मोदी जी द्वारा किया गया।